पाठ 19

# सुभाष चंद्र बोस



कुछ वर्ष पहले भारत अंग्रेजों के अधीन था। पूरे देश में जगह–जगह उनके शासन का विरोध हो रहा था। भारत को स्वतंत्र कराने के लिए अनेक लोगों ने अपना जीवन बलिदान कर दिया। सुभाष चंद्र बोस उनमें से एक थे।

सुभाष चंद्र बोस का जन्म कटक में 23 जनवरी, 1897 को हुआ था। यह स्थान उड़ीसा राज्य में है। उनके पिता सरकारी वकील थे। पाँच वर्ष की उम्र से उनकी शिक्षा प्रारम्भ हुई। वे पढ़ने में बहुत अच्छे थे। हमेशा कक्षा में प्रथम आते थे।

बी0ए0 उत्तीर्ण होने के बाद सुभाष चंद्र बोस ने इंग्लैंड जाकर आई0सी0 एस0 की परीक्षा पास की। सरकारी नौकरी के लिए यह उस समय की सबसे कठिन परीक्षा मानी जाती थी। भारत लौटने पर उन्होंने तय किया कि वे नौकरी नहीं करेंगे। उस समय देश में स्वतंत्रता के लिए आंदोलन चल रहा था। सुभाष चंद्र बोस ने गुलाम भारत को आजाद कराने का प्रण लेते हुए स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया।

सन् 1938 में उन्हें भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष चुना गया। अप्रैल 1939 में उन्होंने अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया और 'फॉरवर्ड ब्लॉक' नामक दल की स्थापना की।

सन् 1939 ई. में द्वितीय विश्व युद्ध छिड़ गया। सुभाष चन्द्र बोस अंग्रेज शासन के विरुद्ध युद्ध करने के पक्ष में थे। इस पर अंग्रेज सरकार ने उन्हें नज़रबन्द कर दिया। सुभाष चन्द्र बोस ने सोचा कि देश को आजाद कराने के लिए देश से बाहर जाकर संघर्ष करना होगा।

काबुली पठान के वेश में पुलिस से बचते हुए वे अफगानिस्तान पहुँचे। वहाँ से जर्मनी और फिर जापान गए। जापान से वह बर्मा (म्यांमार) आए, जहाँ उन्होंने भारतीय सैनिकों के सहयोग से बनी 'आजाद हिन्द फौज' का नेतृत्व किया। उन्होंने **'दिल्ली चलो'** का नारा दिया और जवानों से कहा **"तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूँगा।"** उनका **'जय हिन्द'** नारा बहुत प्रचलित हुआ।

देशवासी सुभाष चन्द्र बोस को 'नेता जी' कहकर पुकारते हैं।





## अभ्यास

1. पाठ के आधार पर उत्तर दो –

   क. सुभाष चन्द्र बोस का जन्म कहाँ हुआ था ?

   ख. नेता जी ने नौकरी क्यों नहीं की ?

   ग. सुभाष चन्द्र बोस ने किस दल की स्थापना की ?

   घ. अंग्रेज सरकार ने सुभाष चन्द्र बोस को नज़रबन्द क्यों किया ?

2. सही जोड़ा बनाओ –

| | |
|---|---|
| सन् 1897 | द्वितीय विश्व युद्ध |
| सन् 1939 | नेता जी का जन्म |

3. क. पढ़ो, समझो और वाक्यों में प्रयोग करो –

| | | |
|---|---|---|
| उत्तीर्ण | – | परीक्षा में सफल होना |
| युद्ध | – | लड़ाई |
| आजाद | – | स्वतंत्र |
| प्रण | – | निश्चय |

क्रांति — आंदोलन

वेश — पहनावा

ख. विलोम शब्द लिखो –

अस्वस्थ .................... जन्म ....................

स्वतंत्र .................... उत्तीर्ण ....................



4. पता करो –

क. स्वतंत्रता आंदोलन के कुछ और सेनानियों के नाम ।

ख. युद्ध से क्या–क्या हानियाँ होती हैं ?

5. लिखने के लिए –

क. नेता जी के जीवन की चार प्रमुख घटनाएँ अपनी कॉपी में लिखो।

ख. 'स्वतंत्र' एक शब्द है। इसमें 'ता' जोड़कर 'स्वतंत्रता' शब्द बनता है। इसी प्रकार नीचे दिए गए शब्दों में 'ता' जोड़कर नए शब्द बनाओ।

सुन्दर .................... सज्जन .................... कोमल ....................

वीर .................... उदार .................... कठोर ....................

ग. 'उड़ीसा' एक राज्य का नाम है। कुछ और राज्यों के नाम लिखो।

.............. .............. .............. .............. ..............

घ. 'कटक' एक स्थान का नाम है। ऐसे ही पाँच और स्थानों के नाम लिखो और उन स्थानों को नक्शे में ढूँढ़ो।

.............. .............. .............. .............. ..............

6. बड़ों से पता करो– तुम्हारे आस–पास ऐसे कौन जीवित व्यक्ति हैं, जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिया हो।

- किसी अन्य स्वतंत्रता–संग्राम सेनानी की कहानी बच्चों को सुनाएँ।
- सुभाष चन्द्र बोस के जीवन पर बाल गोष्ठी आयोजित कराएँ।